पी. सी. ओ-01

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी. डी. पी)

सत्रीय कार्य

2021–2022

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
पी. सी. ओ-01: व्यवसायिक संगठन

जुलाई 2021 तथा जनवरी 2022 प्रवेश सत्र के लिए

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – **1100 68**

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम

पी. सी. ओ-01 : व्यवसायिक संगठन

सत्रीय कार्य – 2021–22

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2021 और जनवरी 2022)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2021** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2022** तक है।

2. जो **जनवरी 2022** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2022** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**पी. सी. ओ. -01**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**वाणिज्य में प्रारंभिक पाठ्यक्रम**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**पी. सी. ओ. -01/टी. एम. ए./ 2021-2022**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. **(क)** व्यवसाय से आप क्या समझते है ? व्यावसायिक संगठन के विभिन्न रूपों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। **(5, 5)**
(ख) इकहरा लेखा प्रणाली दोहरा लेखा प्रणाली से किस प्रकार भिन्न है ?

2. निम्नलिखित लेन देनों की जर्नल में प्रविष्टि कीजिए एवं उनको लेजर में पोस्ट कीजिए। **(2, 4, 4)**

2021 अप्रैल		रु.
2	नकद विक्रय	15000.00
2	वेतन का भुगतान किया	6000.00
6	मैं. पंकज व सन्स को माल विक्रय किया	10000.00
10	नकद क्रय	5000.00
13	स्टेशनरी के लिए भुगतान किया	100.00
18	स्वामी द्वारा माल का व्यक्तिगत प्रयोग	1000.00
23	मैं. मनोज व सन्स से माल का क्रय	13000.00
25	मैं. पंकज एन्ड सन्स से प्राप्त किया	4000.00
27	माल का नकद विक्रय	4000.00
30	विनियोगों से प्राप्त ब्याज	1400.00

3. निम्नलिखित की विवेचना कीजिए: **(5,5)**
(क) 'रोकड़ बही जर्नल भी है और लेजर भी'
(ख) खुदरा रोकड़ की इम्प्रेस्ट विधि

4. तलपट किसे कहते है ? तलपट न मिलने के क्या कारण है ? तलपट की क्या सीमाएं है ? **(4, 2, 2)**

5. पूंजीगत तथा आयगत मदों में अंतर करना क्यों महत्वपूर्ण है ? इनका गलत वर्गीकरण कर दिया जाए तो इससे लाभ की गणना पर कैसे प्रभाव पड़ता है। उदाहरण देकर समझाइए। **(2, 4, 4)**

6. बैंक समाधान विवरण क्यों तैयार किया जाता है ? भिन्नता के कारणों और उनके प्रभाव का पता लगाने की पध्दति को समझाइए। **(3, 7)**

7. एक विनिर्माता के अंतिम खातों में भिन्न मदों को किस प्रकार दिखाया जाता है। यह भी बताइए कि उसे विनिर्माण खाते या व्यापार खाते मैं डेबिट या क्रेडिट पक्ष की ओर क्यों दिखाया जाता है। **(2.8 x 8)**

(i) कोयला गैस व पानी
(ii) गोदी शुल्क व निकासी प्रभार
(iii) निर्माणाधीन माल
(iv) निर्मित माल का क्रय
(v) कच्चे माल का क्रय वापसी
(vi) विक्रय वापसी
(vii) निर्मित माल का प्रारम्भिक एवं अंतिम स्टॉक
(viii) फैक्ट्री बीमा

8. एक पक्षीय अशुद्धियों से क्या अभिप्राय है ? कोई पांच उदाहरण दीजिए एक पक्षीय अशुद्धियों दो पक्षीय अशुद्धियों से कैसे भिन्न है ? एक पक्षीय अशुद्धियों के शोधन की विधि का वर्णन कीजिए। **(5, 5, 10)**